बुनाई एवं डिजाइनिंग प्रशिक्षण केन्द्र (केंद्रीय ऊन विकास बोर्ड, वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार)

गेट वेल हॉस्पिटल के उप्पर, शास्त्री नगर, कुल्लू (हिमाचल प्रदेश) टे.न. 01902- 225915

संख्या : WDTC/Kullu/प्रवेश/2025 दिनांक 18-06-2026

निशुल्क हथकरघा प्रशिक्षण प्रवेश सूचना

केंद्रीय ऊन विकास बोर्ड द्वारा कुल्लू में एक बुनाई एवं डिजाइनिंग प्रशिक्षण केन्द्र का संचालन किया जा रहा हैं जिसमे कुल्लू जिले के ग्रामीण नोजवानों एवं महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वालंबन, शशक्तिकरण, स्वरोजगार हेतु निरंतर अवसर उपलब्ध करवा रहा हैं । इस निशुल्क नियमित हैंडलूम प्रशिक्षण केन्द्र पर चयनित प्रशिक्षणार्थीयो को विभिन्न हस्त निर्मित उन्नी वस्त्र जैसे कुल्लू शाल, स्टाल्स, जेंट्स चद्दर, मफलर, ऊनी दरी/ कारपेट, बॉर्डर और सजावटी सामग्री आदि का विभिन्न हैंडलूम यंत्रो पर बुनाई एवं डिजाइनिंग में दक्षता विकसित करने हेतु 4 माह का पूर्णकालिक निशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया जाता हैं जिसमे जरुरत-मद ग्रामीण/ पहाड़ी क्षेत्र महिला उमीदवारो को प्रवेश में प्राथमिकता प्रदान कि जाती हैं । इस प्रशिक्षण अवधि में उपस्थित प्रतिदिन कार्य-दिवसों पर प्रशिक्षणार्थीयो को उनकी उपस्थिति के आधार पर वर्तमान में प्रतिदिन रुपये 125/- कि दर से वजीफा राशी (Stipend) भी प्रोत्शाहन हेतु सम्बंधित माह के अंत में उनके बैंक खाते में ट्रान्सफर किया जाता हैं इस प्रशिक्षण हेतु उमीदवारो को प्रर्याप्त साक्षर (पढ़ा लिखा) होना चाहिये ।

इस प्रशिक्षण केंद्र के अगले नये बैच/सत्र जो दिनाक 1 जुलाई, 2026 से अगले चार माह हेतु आरम्भ होगा इसमें नये उमीदवारो के चयन करने हेतु प्रवेश प्रक्रिया आरम्भ कर दी गयी हैं जिस हेतु प्रवेश लेने के इच्छुक उमीदवारो/ अभियार्थियो को अपना नाम, जन्म दिनाक/ आयु प्रमाण पत्र, जाती, पूर्ण पता, शेक्षणिक योग्यता, बुनाई एवं डिजाइनिंग का पूर्व का अगर कोई अनुभव, मोबाइल नंबर, आधार कार्ड प्रति, राष्ट्रीयकृत बैंक पासबुक/विवरण प्रति, स्वयं रंगीन पासपोर्ट साइज़ फोटो सहित दिनाक 27-06-2026 को सायं 4.30 बजे तक बुनाई एवं डिजाइनिंग प्रशिक्षण केन्द्र, शास्त्री नगर, कुल्लू पर संपर्क कर निर्धारित आवेदन फॉर्म पूर्ण भरकर जमा कराना होगा तथा आवश्यक प्रमाण पत्र भी साथ जमा/ सलग्न करवाने होंगे। प्रक्षिक्षनार्थी महिला एवं पुरुष कोई भी हो सकता हैं इस प्रवेश सम्बन्ध में निचे दर्शाये गये मोबाइल नंबर और इ-मेल पते पर कभी भी संपर्क कर अन्य जानकारी प्राप्त कि जा सकती हैं ।

उमीदवारो/ अभियार्थियो के चयन हेतु चयन समिति के समक्ष स्वयं साक्षात्कार (Interview) हेतु उपस्थित होकर मूल दस्तावेजो को प्रस्तुत करना होगा जिसकी बैठक दिनाक 29-06-2026 (सोमवार) को सुबह 11.00 बजे साक्षात्कार एवं चयन हेतु 'बुनाई एवं डिजाइनिंग प्रशिक्षण केन्द्र', गेट वेल हॉस्पिटल (Get Well Hospital) के उप्पर भवन, शास्त्री नगर, कुल्लू (हि.प्र.) पर आयोजित कि जायेगी तथा इसमें सभी उमीदवारो को अनिवार्य उपस्थित होना होगा और इसके लिये अलग के कोई प्रथक से पत्र /सूचना व्यहार नहीं किया जायेगा । नया बैच/ सत्र दिनाक 1 जुलाई 2026 को सुबह 10.00 बजे से आरम्भ होगा जो 31 अकटूबर 2026 तक चार माह का होगा । इस प्रवेश जानकारी के लिये बोर्ड कि वेबसाइट https://www.woolboard.in पर इस प्रवेश सूचना देखी जा सकती हैं ।

धन सिंह राठौर

प्रभारी, बुनाई एवं डिजाइनिंग प्रशिक्षण केन्द्र,

कुल्लू (मोबाइल 94132 49237 & 94186 60331)

E Mail: padsr.cwdb@gmail.com